समाचार

# निगम के निदान शिविरों को मिला जनता का बेहतर प्रतिसाद

## (सभी 08 जोन में लगाए गए शिविर, साढे 2600 से अधिक आए आवेदन, किया गया मौके पर निराकरण, शेष पर क्रमशः होगी निराकरण की कार्यवाही)

## (बांकीमोंगरा जोन कार्यालय में हुआ अंतिम शिविर का आयोजन, पहुंचे महापौर, शिविरों की सफलता हेतु जनप्रतिनिधियों, नागरिकों को दिया धन्यवाद)



कोरबा 03 मार्च 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सभी 08 जोन में लगाए गए जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' को आमनागरिकों का बेहतर प्रतिसाद मिला, इस दौरान विभिन्न मांग व शिकायतों से संबंधित साढ़े 2600 से अधिक आवेदन नागरिकों द्वारा दिए गए, जिनमें से त्वरित निराकृत होने वाली मांगों, समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया तथा शेष को पंजीकृत कर क्रमशः निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन निदान शिविरों में पहुंचे , लोगों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से जाना, समझा तथा उनके निराकरण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

निगम द्वारा '' आपकी सरकार–आपके द्वार '' की तर्ज पर विगत 15 फरवरी से जोन स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' का आयोजन क्रमशः कोरबा, टी.पी.नगर, पं.रविशंकर शुक्ल, कोसाबाड़ी, बालको, दर्री, सर्वमंगला व बांकीमोंगरा जोन कार्यालयों में किया गया। निदान शिविरों को आमनागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला, वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्षदों ने शिविरों के सफलतापूर्वक संचालन में विशेष रूचि दिखाई। जोन स्तरीय निदान शिविरों में जहां एक ओर जोन व वार्ड के नागरिको ने काफी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, समस्याओं को बताया एवं निगम की संवेदनशीलता व शिविरों के आयोजन के इस कदम की सराहना की, वहीं दूसरी ओर वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनगणों, जनप्रतिनिधियों ने जनसमस्याओं के प्रति अपनी सक्रियता दिखाते हुए शिविर के संचालन में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। निदान शिविरों के माध्यम से विभिन्न नगर पालिक सेवाओं यथा पेयजल, सड़क रोशनी, साफ–सफाई, विकास व निर्माण कार्य, सम्पत्तिकर, राशन कार्ड, भवन निर्माण अनुमति, विभिन्न पेंशन योजना सहित शासन की विविध योजनाओं से संबंधित समस्याओं, मांगों का निराकरण किया गया। निगम के सभी 08 जोन में लगाए गए निदान शिविरों के दौरान विभिन्न मांगों, समस्याओं व शिकायतों से संबंधित साढ़े 2600 से अधिक आवेदन आमनागरिकों द्वारा

प्रस्तुत किए गए, जिनमें त्वरित निराकृत होने वाली समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, वहीं शेष आवेदनों को पंजीकृत कर क्रमशः निराकरण की कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है।

**हितग्राही मौके पर हुए लाभान्वित**– निदान शिविरों के दौरान दर्जनों हितग्राही मौके पर लाभान्वित हुए इस दौरान प्राथमिकता एवं अंत्योदय के अंतर्गत हितग्राहियों को मौके पर ही राशन कार्ड वितरित किए गए, वहीं श्रद्धांजलि योजना के तहत हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक शिविरों में प्रदान किए गए, वहीं हितग्राही के भूमि का पट्टा भी दिया गया। इसके साथ ही साफ–सफाई, सड़क रोशनी, पेयजल संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। शिविरों में भूमि का पट्टा, नया राशन कार्ड व ट्रायसिकल दिए जाने संबंधी आवेदन भी प्राप्त हुए, वहीं शिविरों के माध्यम से करदाताओं ने अपने बकाया करों का भुगतान भी निगम को किया।

<u>आज बांकीमोंगरा से हुआ शिविर का समापन</u>– निगम द्वारा आयोजित किए गए, जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' के आयोजन की कड़ी में आज बुधवार को बांकीमोंगरा जोन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने शिविर में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी ली तथा उनके निराकरण के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया, इस मौके पर उन्होने कहा कि आमनागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य को लेकर अपने सभी जोन में जोन स्तरीय निदान शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों का प्रमुख उद्देश्य था कि नागरिकों की निगम सेवाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण एक अभियान के रूप में किया जाए, मुझे प्रसन्नता है कि इन शिविरों को आमजन का अच्छा प्रतिसाद मिला है, लोगों ने विशेष रूचि दिखाई है, वहीं पार्षदों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविरों में अपना पूरा सहयोग दिया है। उन्होने कहा कि निगम जनसमस्याओं के प्रति पूर्ण रूप से सजग है तथा आवश्यकतानुसार आगे भी इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

आज बांकीमोंगरा जोन कार्यालय में आयोजित शिविर के दौरान मेयर कांउसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद प्रभावती चौहान, राजकुमारी कंवर, कमला बरेठ, शैल राठौर, पवन गुप्ता, एल्डरमेन परमानंद सिंह, नवल पंडित, प्रदीप अग्रवाल, चिमन अग्रवाल, कैलाश सिंह, पूजा महेश, राकेश अग्रवाल, सुरेश चौधरी, महेन्द्र सिंह, आदि के साथ निगम के अधिकारी कर्मचारीगण व काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।